## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

# रायगढ़ में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन, 423 लर्निंग लाइसेंस जारी

रायगढ़



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत रायगढ़ पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित लर्निंग लाइसेंस शिविर में नवीन वाहन चालकों के लिए एक प्रभावी पहल की गई। शिविर में 423 नए लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए, जिसमें जिले और आसपास के वाहन चालकों ने लाभ उठाया।

कार्यक्रम का संचालन पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के नेतृत्व में हुआ। मरकाम ने नवीन वाहन चालकों को लर्निंग लायसेंस प्रदाय किया गया और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई और शिविर में उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के महत्व को समझाते हुए सड़क पर सतर्कता और नियमों के पालन की अपील की।

एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं जिला परिवहन अधिकारी अमित कश्यप के मार्गदर्शन में इस शिविर को सफल बनाने में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की टीम ने विशेष योगदान दिया। परिवहन उप निरीक्षक मंजू ध्रुव, यातायात थाना के सहायक उप निरीक्षक दौलत सिंह ठाकुर प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान, जितेंद्र जोशी, चंद्रहाश नायक, राजेश गुप्ता, आरक्षक विजय सिदार और मनीष मिंज शामिल थे, जिन्होंने शिविर को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया।

इसके अतिरिक्त, डाटा एंट्री ऑपरेटर विनय भगत और iRad टीम से दुर्गा प्रधान ने भी कार्यक्रम में तकनीकी और प्रबंधकीय सहायता प्रदान की। शिविर ने न केवल वाहन चालकों को कानूनी रूप से मान्यता दिलाई, बल्कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया।

यह पहल सड़क पर अनुशासन और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग के समन्वित प्रयासों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

## सड़क सुरक्षा पर जोर: बिना हेलमेट चालकों पर कार्यवाई, नि:शुल्क हेलमेट वितरण



**रायगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत रायगढ़ पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और हेलमेट की अनिवार्यता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में यातायात पुलिस ने रायगढ़-खरसिया मुख्य मार्ग पर ग्राम जोरापाली के पास मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट प्रदान किए।

इस अभियान में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने स्वयं उपस्थित होकर हेलमेट का वितरण किया और चालकों को सड़क पर सुरक्षा नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने वाहन चालकों को बताया कि हेलमेट पहनने से न केवल दुर्घटनाओं में जानमाल की रक्षा होती है, बल्कि यह कानूनन अनिवार्य भी है।

यातायात पुलिस की इस पहल में हेलमेट वितरण के साथ-साथ वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई जारी है, जिसमें बिना हेलमेट चालकों से जुर्माना वसूला जा रहा है और उन्हें तुरंत हेलमेट प्रदान कर सड़क पर सुरक्षित चलने का संदेश दिया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात पुलिस और परिवहन विभाग का संयुक्त प्रयास

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत कल 10 जनवरी 2025 को एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाना है।

**वाहनों पर रिफ्लेक्टर रेडियम पट्टी लगाने का अभियान -** यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने निजी वाहनों पर रिफ्लेक्टर रेडियम पट्टी लगाने का कार्य किया। यह पट्टी विशेष रूप से कम रोशनी या रात के समय वाहन को स्पष्ट रूप से दिखाने में मदद करती है, जिससे सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना घटती है। परिवहन अधिकारियों ने बताया कि यह पट्टी तेज रोशनी को परावर्तित करती है और अन्य चालकों को समय रहते वाहन की उपस्थिति का आभास कराती है। इस अवसर पर कई वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।

**स्कूली बच्चों को दिया यातायात नियमों का प्रशिक्षण-** इसी कड़ी में, कोड़ातराई स्थित पायनियर स्कूल में यातायात पुलिस की टीम ने स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बच्चों को सड़क पर पैदल चलने, साइकिल चलाने और यातायात संकेतों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। बच्चों को यह भी बताया गया कि सड़क पर मोबाइल फोन का उपयोग खतरनाक हो सकता है और हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने की आदत कैसे जान बचा सकती है।

टीम ने छात्रों को सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए "तीन देखो" नियम (दाएं, बाएं और फिर दाएं देखकर सड़क पार करना) के महत्व को समझाया। बच्चों को यातायात चिन्हों की पहचान करना भी सिखाया गया, जिससे वे अपने परिजनों को भी इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर सकें।

इस पहल की स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों ने सराहना की। कई अभिभावकों ने कहा कि ऐसे अभियान न केवल बच्चों में बल्कि उनके परिवारों में भी सड़क सुरक्षा के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पासपोर्ट संबंधी कार्य के लिए अब रायगढ़ प्रधान डाकघर में कर सकते है संपर्क

**रायगढ़।** अब पासपोर्ट बनवाना और संबंधित कार्य करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। इसके लिए आपको दूर जाने की जरूरत नहीं है। विदेश मंत्रालय और संचार मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से अब आप अपने क्षेत्र में ही स्थित नजदीकी पासपोर्ट सेवा केंद्र में जाकर पासपोर्ट संबंधी सभी सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। रायगढ़ जिले में रायगढ़ के प्रधान डाकघर के पासपोर्ट सेवा केंद्र में यह सुविधा उपलब्ध है। इस सेवा के माध्यम से आप पासपोर्ट बनवाने, पासपोर्ट रिन्यू करने और अन्य पासपोर्ट संबंधी कार्यों को आसानी से कर सकते हैं। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए मुख्य डाकघर रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### युवक के खाते से 1 लाख 75 हजार पार

**रायपुर (आरएनएस)।** शिवनगर में क्रेडिट कार्ड के वालेट में केश देने का झांसा देकर 1 लाख 75 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजेन्द्र चंद्राकर 40 वर्ष शिवनगर हांडीपारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 90358-55936 से कॉल आया और उक्त व्यक्ति ने अपने आप को डीबीएस कंपनी का कर्मचारी बताकर प्रार्थी से कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड में वॉलेट केश डालना है उसके लिए ओटीपी बताओं जिससे प्रार्थी के ओटीपी बताने पर अज्ञात आरोपी ने उसके खाते से दो बार में 1 लाख 75 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दूसरे की जमीन को अपना बताकर 1 करोड़ 21 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर, 11 जनवरी (आरएनएस)। माना कैंप रोड रायपुर में दूसरे की जमीन को अपना बताकर 1 करोड़ 21 लाख रुपए में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रवीण अग्रवाल 49 वर्ष शंकर नगर खम्हारडीह की रहने वाली है। प्रार्थिया ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि आरोपी देवंतीन वर्मा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर माना रोड स्थित 5 एकड़ दूसरे की जमीन को अपना बताकर प्रार्थिया से सौदा तय कर लिया और फर्जी इकरारनामा तैयार कर 1 करोड़ 21 लाख रुपए में बेच दिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को हुई तो उसने इसकी शिकायत मंदिरहसौद थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कलेक्टर ने 11 महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए की 16.80 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

- सक्षम योजना के तहत 2 लाख रूपये तक की ऋण राशि सालाना 3 प्रतिशत ब्याज पर की जाती है स्वीकृत

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत सक्षम योजना के तहत 11 महिलाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए 16 लाख 80 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। महिला एवं बाल विकास द्वारा सक्षम योजना अंतर्गत विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा एवं 35 से 45 वर्ष आयु के अविवाहित महिलाओं को रोजगार से जोडऩे हेतु 2 लाख रूपये तक की ऋण राशि सालाना 3 प्रतिशत ब्याज पर स्वीकृत की जाती है।

इस योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं में तहसील पुसौर के ग्राम-दर्रामुड़ा निवासी सावित्री साव को किराना स्टोर हेतु 1 लाख 20 हजार, बसंती साहू ग्राम बासनपाली तह. तमनार को होटल संचालन हेतु 2 लाख रुपये प्रदाय किया गया। इसी तरह तहसील तमनार ग्राम बासनपाली के बिन्दु साव को किराना एवं फैन्सी स्टोर हेतु 2 लाख रुपये, हेम कुंवर वैष्णव वार्ड 46 डीपापारा उर्दना रायगढ़ को दुकान हेतु 1 लाख 60 हजार रुपये, रमशिला बाई राठिया ग्राम जोबी तह. खरसिया को सिलाई मशीन हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये, सनमोती माझी ग्राम कोलम तह. तमनार को बकरी पालन हेतु 80 हजार रुपये, दुलमेत सिदार ग्राम कोलम तह. तमनार को मुर्गी पालन हेतु 80 हजार रुपये, उषा निषाद ग्राम बासनपाली तह. तमनार को किराना दुकान 2 लाख रुपये, शशीकला देवांगन ग्राम झरना तह. तमनार को किराना दुकान एवं सिलाई हेतु 2 लाख रुपये, सुकमती साहु ग्राम धौंराभांठा तह. तमनार किराना को दुकान हेतु 2 लाख रुपये एवं गायत्री प्रधान ग्राम सिहा तह. पुसौर को फैंसी स्टोर संचालन के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये स्वीकृत किए गए है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी लाभार्थी महिलाओं को अपनी शुभकामनाएं दी। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को विधवा, परित्याकता, तलाकशुदा एवं अविवाहित महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा इस योजना से जोडऩे हेतु निर्देशित किया है।

## सरस मेला में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

रायगढ़




जिले में पहली बार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में क्षेत्रीय सरस मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिहान की महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है।

सरस मेला में केन्द्र एवं राज्य द्वारा पोषित महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रशिक्षण मंच के माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं आम जनों को दिया जा रहा है, ताकि योजना के बारे में लोगों को जागरूकता एवं योजना का लाभ अंतिम छोर के हितग्राही तक पहुंचाया जा सके। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना अंतर्गत 09 थीम आधारित राष्ट्रीय पंचायत पुरुस्कार के संबधं में विस्तृत जानकारी दी गई। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंचायतों में सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण हेतु 17 लक्ष्यों समाहित करते हुए, 09 विषयगत क्षेत्रों का चिन्हांकन किया गया है। बाल हितैषी, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, महिला हितैषी गांव, सुशासन वाला गांव, स्वस्थ गांव, गरीबी मुक्त गांव, आत्म निर्भर बुनियादी वाला गांव, पर्याप्त जलयुक्त गांव एवं स्वच्छ एवं हरित गांव के संबंध में विस्तृत जानकारी राजेश महापात्र जिला समन्वयक एवं चन्द्रेश टांक सहायक जिला समन्वयक, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान द्वारा बताया गया।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन, तरल अपशिष्ठ प्रबंधन, बिहान के समूह, स्वच्छा ग्रही समूह, ग्रामीण की उपस्थिति में ओडीएफ प्लस गांव के बारे में, गांव में बने व्यक्तिगत शौचालय की महत्ता, उपयोग के तरीके, गांव को सूरक्षित स्वस्थ कैसे बनाये तथा वर्तमान में रायगढ़ जिले में शेड़ निर्माण पूर्ण कर लिया गया है एवं घर-घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है, उक्त विषय पर विस्तृत जानकारी एवं चर्चा जिला सलाहकार अर्जुन मेहर जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा बताया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत राशि व विभिन्न वित्तीय वर्षों में किश्त निर्धारण, आवास की रूप रेखा, आवास निर्माण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश, स्थाई प्रतिक्षा सूची का निर्धारण, लाभार्थीयों का चयन, आवश्यक दस्तावेज, विभिन्न योजनाओं के साथ अभिसरण, आवास से संबंधित अन्य जानकारियां एवं आवास प्लस व आवास प्लस 2.0 की जानकारी कु. रजनी देवांगन, सहायक अभियंता, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण द्वारा बताया गया।

## व्यापम की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी : 32 से अधिक परीक्षाएं लेगा व्यापम

- 09 मार्च से प्रयोगशाला सहायक की भर्ती परीक्षा से होगी शुरुआत
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खोला सरकारी नौकरी का पिटारा

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सरकारी नौकरी का पिटारा खोल दिया है। विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा एवं प्रवेश परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने 2025 के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है। व्यापम द्वारा जारी किए गए वार्षिक कैलेंडर में 32 से अधिक परीक्षाओं की संभावित तिथियां दी गई हैं, जिसमें उप अभियंता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, एडीईओ से लेकर पुलिस कांस्टेबल, स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय तक के पद शामिल हैं। ये परीक्षाएं 09 मार्च 2025 से शुरू हो कर 21 दिसम्बर 2025 तक चलेंगी।

संचालनालय कृषि विभाग के अंतर्गत जिनमें प्रयोगशाला सहायक 09 मार्च 2025 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी 13 अप्रेल 2025, संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक 23 मार्च 2025, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल एवं वि/यां.), तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत पी.पी.टी. और प्री.एम.सी.ए. का 01 मई, पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. की परीक्षाएं 08 मई 2025 को होगी। पीएटी-प्रीव्हीपीटी 15 मई, प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड 22 मई, बीएससी नर्सिंग 29 मई, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षाएं 05 जून 2025 को। इसी प्रकार सहायक विकास विस्तार अधिकारी 15 जून, नगर सैनिक का 22 जून 2025 को परीक्षा संभावित है।

लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पदों के लिए परीक्षा तिथि 13 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पद के लिए परीक्षा 20 जुलाई, आयुक्त आबकारी में आबकारी आरक्षक पद के लिए 27 जुलाई, उच्च शिक्षा संचालनालय में प्रयोगशाला परिचारक पद के लिए परीक्षा 03 अगस्त, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, ऑग्जीलरी, इंकमैन/इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर (समूह-6) पदों के लिए परीक्षा 31 अगस्त तथा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) एवं 06 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (कंसट्रक्शन, मेंटनेंस), उप प्रबंधक (उपयंत्री), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक-(2), (आईटी, प्रोग्रामर), कनिष्ठ संवर्ग (आईटी विशेषज्ञ), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) एवं सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) पदों की परीक्षा तिथि 7 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

इसी तरह गृह पुलिस विभाग अंतर्गत आरक्षक संवर्ग 14 सितम्बर, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्टाफ नर्स 21 सितम्बर एवं वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया 12 अक्टूबर और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला 09 नवम्बर 2025 को परीक्षाएं आयोजित होगी। मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के विभिन्न पदो पर 30 नवम्बर, जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन 07 दिसम्बर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर अंतर्गत अनुवादक 14 दिसम्बर और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत केमिस्ट पदों के लिए 21 दिसम्बर को संभावित परीक्षा तिथि जारी की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी व्यापम की ऑफिशियल वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in का अवलोकन कर सकते है।

## कुसुम लोहा फैक्ट्री में साइलो गिरने से तीन की मौत, 40 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शव बरामद

मुंगेली | आरएनएस



सरगांव स्थित ग्राम पंचायत रामबोड़ की कुसुम लोहा फैक्ट्री में साइलो गिरने से हुए हादसे में एक इंजीनियर और दो मजदूरों की मौत हो गई। तीनों मजदूर और इंजीनियर साइलो के मलबे में दब गए थे, जिनके शवों को 40 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद निकाला गया। इस ऑपरेशन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमों ने कड़ी मेहनत की। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान बिलासपुर के सरकंडा निवासी इंजीनियर जयंत साहू, जांजगीर-चांपा जिले के तागा निवासी मजदूर अवधेश कश्यप और बलौदाबाजार जिले के अकोली निवासी मजदूर प्रकाश यादव के रूप में हुई है। तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिम्स, बिलासपुर भेजा गया है।

कलेक्टर राहुल देव ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान दो बार असफलता का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने हार नहीं मानी और तीसरी बार में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए दोषियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की सूक्ष्मता से जांच की जाएगी। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में ठंड का अलर्ट जारी, 10 जिलों में ठंडी हवाओं के साथ पड़ेगी हाड़ कंपकंपाने वाली ठंड

रायपुर | आरएनएस



रायपुर। छत्तीसगढ़ में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम तेजी से सर्द हो रहा है। ठंड की वहज से आम लोगों की मुश्किले बढ़ गई है। शाम होते ही शीतलहर चलने लगती है। लोग ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े और अलाव का सहारा ले रहे हैं। साथ ही बारिश होने की भी संभावना बनी है। रायपुर मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए कोल्ड डे और घना कोहरा की चेतावनी जारी की है। प्रदेश के 10 जिलों में कड़ाके की ठंड को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

रायपुर मौसम विभाग ने जिन जिलों के लिए कोल्ड डे का येलो अलर्ट जारी किया हैं उनमें दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर शामिल है। अगले 24 घंटों के दौरान इन जिलों में कड़ाके की ठंड का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। वहीं, पिछले 24 घंटों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुये तथा सरगुजा, बिलासपुर एवं दुर्ग संभाग में एक दो स्थानों पर शीतलहर चली। छत्तीसगढ़ में 24 घंटे तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 2 से 3 डिग्री तक की क्रमिक वृद्धि होगी।

## पूंजीपथरा पुलिस ने किया गया गुड सेमेरिटन और विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज 11 जनवरी 2025 को थाना पूंजीपथरा में कोटवारों की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा ने किया। उन्होंने ग्राम कोटवारों को गांव की सुरक्षा में उनकी अहम भूमिका का महत्व समझाया और निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में आने-जाने वाले प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों पर सतर्क निगाह रखें और समय पर पुलिस को सूचित करें। थाना प्रभारी ने कोटवारो को पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में थाना प्रभारी ने कोटवारों को जिले में चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की जानकारी दी। उन्होंने यातायात नियमों के महत्व पर जोर देते हुए कोटवारों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर चस्पा करने हेतु सड़क सुरक्षा पोस्टर भी वितरित किए गए।

**गुड सेमेरिटन और विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान**

कोटवार बैठक के दौरान, ग्राम के गुड सेमेरिटन, मेधावी छात्रों, स्वास्थ्यकर्मियों और शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन्हें प्रशस्ति पत्र और मेमेंटो प्रदान किए गए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने समाज में इन व्यक्तियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य न केवल समाज को प्रेरित करते हैं, बल्कि पुलिस और नागरिकों के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं।

**इन नागरिकों को किया गया सम्मानित-**

1- छात्रा कु. ख्याती गुप्ता, ओपी जिंदल स्कूल (कक्षा 7वीं 91%)

2-छात्रा नंदनी मालाकार, हाई स्कूल तराईमाल (कक्षा 10वीं 91%)

3-कोटवार खेमलाल चौहान, जामडभरी

4-कोटवार सुलोचना चौहान, सराईपाली

5-आंगनबाडी कार्यकर्ता डिलेश्वरी सिदार पूंजीपथरा

6- गुड सेमेरिटन योगेश मालाकार तराईमाल

7- गुड सेमेरिटन आदित्य वैष्णव

8- गुड सेमेरिटन पवन वर्मा

9-शिक्षिका बिन्दु सारथी, प्रधान पाठक पूंजीपथरा

10-स्वास्थ्यकर्ता माधव साहू, राबो

बैठक में सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का, जयराम सिदार और थाना स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने कोटवारों को पुलिस के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने और गांव की हर गतिविधि पर नजर रखने का आह्वान किया। इस आयोजन ने कोटवारों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के प्रति न केवल सम्मान व्यक्त किया, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर सहयोग का संदेश भी दिया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480